डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा / अ.37 / पीआर /2019

16.12.2019

प्रेस कान्फ्रेंस
साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2019

प्रिय साथियो,

साहित्य अकादेमी की ओर से शुभकामनाएं !

साहित्य अकादेमी स्वयं द्वारा मान्यताप्राप्त 24 भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट पुस्तकों के लिए वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा करती है। वर्ष 2019 के साहित्य अकादेमी पुरस्कार कार्यकारी मंडल के द्वारा अनुमोदित किए जाएँगे, जिसकी बैठक 18 दिसंबर 2019 अकादेमी कार्यालय में आयोजित की जा रही है। आप 18 दिसंबर 2019 को अपराह्न 3.30 बजे साहित्य अकादेमी सभाकक्ष, तृतीय तल, रवींद्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110001 में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में आमंत्रित हैं जिसमें पुरस्कार विजेताओं के नाम घोषित किए जाएँगे।

प्रेस कान्फ्रेंस में प्रेस विज्ञप्ति वितरण के साथ पुरस्कृत पुस्तकें भी प्रदर्शित की जाएँगी। हम कृतज्ञ रहेंगे, यदि पुरस्कारों की राष्ट्रीय महत्ता को ध्यान में रखते हुए यह समाचार आपके प्रतिष्ठित समाचार-पत्र/पत्रिका/चैनल में तत्काल प्रकाशित/प्रसारित किया जा सके। यदि आप न आ सकें तो कृपया अपने संवाददाता/कैमरामैन को अकादेमी की इस प्रेस कान्फ्रेंस के लिए भेजने का कष्ट करें, जिससे पुरस्कार घोषणा के समाचार की उपयुक्त कवरेज हो सके। आप या आप द्वारा भेजे जा रहे संवाददाता/कैमरामैन अपराह्न 3.00 बजे जलपान के लिए भी आमंत्रित है।

सादर,

आपका

(के. श्रीनिवासराव)